**SET-4**

**Series GBM**

**कोड नं.**
**Code No.** **44**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **6** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **6** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **24** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# रंगमंच अध्ययन

# THEATRE STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *प्रश्न-पत्र में कुल* ***24*** *प्रश्न हैं ।*

*(ii)* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***5*** *अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक के लिए* ***1*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक का उत्तर* ***15*** *शब्दों से अधिक न हो ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या* ***6*** *से* ***10*** *लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक के लिए* ***2*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक का उत्तर* ***50*** *शब्दों से अधिक न हो ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***11*** *से* ***17*** *लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक के लिए* ***3*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक का उत्तर* ***75*** *शब्दों से अधिक न हो ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या* ***18*** *से* ***21*** *लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक के लिए* ***4*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक का उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक न हो ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या* ***22*** *से* ***24*** *दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक के लिए* ***6*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक का उत्तर* ***250*** *शब्दों से अधिक न हो ।*

***General Instructions :***

*(i)* *There are* ***24*** *questions in all.*

*(ii)* ***All*** *the questions are* ***compulsory****.*

*(iii)* *Questions No.* ***1*** *to* ***5*** *are very short-answer questions carrying* ***1*** *mark each. Answer to each of these should not exceed* ***15*** *words.*

*(iv)* *Questions No.* ***6*** *to* ***10*** *are short-answer questions carrying* ***2*** *marks each. Answer to each of these should not exceed* ***50*** *words.*

*(v)* *Questions No.* ***11*** *to* ***17*** *are short-answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answer to each of these should not exceed* ***75*** *words.*

*(vi)* *Questions No.* ***18*** *to* ***21*** *are short-answer questions carrying* ***4*** *marks each. Answer to each of these should not exceed* ***150*** *words.*

*(vii)* *Questions No.* ***22*** *to* ***24*** *are long-answer questions carrying* ***6*** *marks each. Answer to each of these should not exceed* ***250*** *words.*

1. ‘बैले स्पॉटलाइट’ का आविष्कार किसने किया ? *1*

Who is the inventor of “Baley Spotlight” ?

2. सेट के उस प्रकार का नाम लिखिए जिसमें सेट डिज़ाइनर को प्राकृतिक पदार्थों को अपने उपयोग के लिए बदलने की आज़ादी नहीं है । *1*

Name the type of set in which the set designer cannot take liberties to alter natural objects for his/her use.

3. कास्टिंग की किन्हीं दो विशेष विधियों का उल्लेख कीजिए । *1*

Mention any two distinct ways of casting.

4. शिल्पग्रामों के माध्यम से शिल्पियों को क्या सुविधाएँ दी जाती हैं ? *1*

What facilities are provided to craftsmen through Shilpgrams ?

5. 1887 में “रंगमंच स्वातंत्र्य” (“theatre libre”) किसने प्रस्तुत किया ? *1*

Who introduced “theatre libre” in 1887 ?

6. मेक-अप करने के दो प्रकार कौन-से हैं ? *2*

What are the two types of make-up ?

7. रोहित किसी प्रोडक्शन में शोधकर्ता, परामर्शदाता, लेखक और संपादक का काम करता है । रोहित की भूमिका की पहचान कीजिए और उसका स्पष्टीकरण कीजिए । *2*

Rohit serves as a researcher, advisor, writer and editor for a production. Identify and explain the role played by Rohit.

8. देश में कौन-सी कम्पनी बहुत महत्त्वपूर्ण रंगमंच शिक्षा संसाधन केन्द्रों में से एक है ? यह विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करने का माहौल कैसे बनाती है ? *2*

Which company is one of the most important theatre education resource centres in the country ? How does it create an atmosphere which encourages students to raise questions ?

9. “जड़ों का रंगमंच” (थिएटर ऑफ रूट्स) शब्द से क्या तात्पर्य है ? *2*

What is meant by the term “Theatre of Roots” ?

10. ‘दार्शनिक शोध’ शब्द की व्याख्या कीजिए । *2*

Explain the term ‘Philosophical Research’.

11. किसी नाटक की सफलता के लिए वेश अभिकल्पक (कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर) को इतिहास, समय और स्थान की गहरी समझ होना क्यों महत्त्वपूर्ण है ? *3*

Why is the profound understanding of history, time and place critical for a costume designer for the success of a play ?

12. "एक अभिनेता के रूप में, आपके खड़े होने का, चलने का और भंगिमा बनाने का ढंग वे प्रभाव हैं जिन्हें दर्शक ग्रहण करते हैं ।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए । *3*

"As an actor, the manner in which you stand, move and make gestures are the impressions that an audience receives." Explain the statement.

13. रंगमंच के प्रति बेहतर प्रतिक्रिया के लिए ब्रेख्ट अपने दर्शकों से किस प्रकार की मनोवृत्ति की अपेक्षा करता है ? *3*

What kind of an attitude does Brecht want his spectators to develop for a better response to theatre ?

14. देश के विभाजन के बाद 'भारतीय रंगमंच' में मोहभंग अधिक स्पष्ट कैसे हो गया ? वर्णन कीजिए । *3*

Describe how disillusionment in 'Indian Theatre' became more vivid after the partition of the country.

15. संजना अपने प्रायोगिक नाटकों में सांस्कृतिक मूल्यों तथा चिंतन का विरोध करती है और नवीन विचारों को बढ़ावा देती है । उसके द्वारा अपनाई गई अवधारणा की पहचान कीजिए । आधुनिक पाश्चात्य नाटककारों के संदर्भ में इसे स्पष्ट कीजिए । *3*

Sanjana opposes the cultural values and thinking and promotes innovative ideas in her experimental plays. Identify the concept favoured by her. Explain it with regard to modern western playwrights.

16. संपूर्ण देश में संस्कृति के प्रोत्साहन, संरक्षण तथा प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों की क्या भूमिका है ? *3*

What role do the Zonal Cultural Centres play in the field of promotion, preservation and dissemination of culture in the entire country ?

**17.** रंगमंच में मीडिया की भूमिका स्पष्ट कीजिए । *3*

Explain the role of media in theatre.

**18.** उत्पादन (प्रोडक्शन) के भिन्न रूपों के प्रबंधन के लिए हमें एक अच्छे प्रबंधक की आवश्यकता होती है । स्पष्ट कीजिए कि कोई उत्पादन प्रबंधक अपने सावधानीपूर्वक किए गए प्रबंधन से उत्पादन को बिना किसी समस्या के किस प्रकार चलाता रहता है । *4*

We need an able manager to manage the separate facets of the production. Explain how a Production Manager keeps a production running smoothly by his careful management.

**19.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : *4*

(अ) प्रोजेक्टर का दृष्टि प्रभाव (ऑप्टिकल इफेक्ट)

(ब) मिरर बॉल

Write short notes on the following :

(a) Optical Effect of Projector

(b) Mirror Ball

**20.** (अ) आधुनिक काल में और पाश्चात्य साहित्य के भारत पर पड़े प्रभाव के बाद महत्त्वपूर्ण नाटककारों ने किस प्रकार के परिवर्तनों को प्रारम्भ किया ? उनका वर्णन कीजिए । *4*

(ब) नाटकों और उनके नाटककारों के इस बदलाव में दिखाई पड़ने वाले किन्हीं दो मूल्यों का उल्लेख कीजिए ।

(a) Describe the changes that were initiated by important playwrights after the advent of modern period and the impact of western literature in India.

(b) State any two values which reflect in this transition of the plays and their playwrights.

**21.** रंगमंच अध्ययन में विशेषज्ञता प्राप्त करने के प्रमुख क्षेत्र क्या हैं ? किसी उत्साही और विश्वासी रंगमंच स्नातक के लिए उपलब्ध किन्हीं चार व्यवसाय विकल्पों (कैरियर ऑप्शंस) को स्पष्ट कीजिए । *4*

What are the major areas of specialization of theatre studies ? Explain any four career options available for an enthusiastic and a confident theatre graduate.

**22.** "कोई सेट डिज़ाइनर अपनी कल्पना और नवीकरण का उपयोग करते हुए रूप, शैली, प्रतिपादन, स्थान (स्पेस) और नाटक की विषय-वस्तु के आधार पर विभिन्न प्रकार के सेटों को डिज़ाइन कर सकता है ।" दिए गए कथन के आधार पर किन्हीं चार प्रकार के सेटों को समझाइए । *6*

"A set designer can design different types of sets using his/her imagination and innovation based on form, style, interpretation, space and theme of the play." On the basis of the given statement, explain any four types of sets.

**23.** रंगमंचीय उपागम (अप्रोच) की कौन-सी प्रणाली हमें यह सीखने में सहायता करती है कि सत्यपूर्ण और भावुक प्रस्तुति कैसे प्रवर्तित की जाए ? समझाइए कि मंच पर अकेले होने पर आत्म-चेतना (संकोच) को पराजित करने में यह तकनीक कैसे अपनाई जा सकती है । *6*

Which system of theatrical approach helps us to learn how to unleash truthful and emotional performance ? Explain how this technique can be used to defeat self-consciousness when alone on stage.

**24.** पाश्चात्य नाटककारों में से किसी एक के जीवन और कार्यों के बारे में विस्तार से लिखिए, जिसने आधुनिक तथा पाश्चात्य रंगमंच को बदल दिया । *6*

Write in detail about the life and works of any one western playwright, who changed the scene of the modern and western theatre.